# उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की कार्य परिषद की दिनांक 20.6.2015 को अपरान्ह 01.00 बजे हुई 26वीं बैठक का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 ओंकार सिंह,<br>कुलपति<br>उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | अध्यक्ष |
| 2. | सुश्री मोनिका.एस. गर्ग,<br>प्रमुख सचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री विद्या सागर शुक्ला,<br>विशेष सचिव,<br>प्रतिनिधि-प्रमुख सचिव, वित्त,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ । | सदस्य |
| 4. | प्रो0 इन्द्रनील मान्ना<br>निदेशक,<br>आई0आई0टी0, कानपुर । | सदस्य |
| 5. | डा0 पी0बी0 उलागढ़ी<br>अध्यक्ष, अभातशिप के नामिती<br>एडवाइजर-1, अभातशिप,<br>चन्द्रलोक बिल्डिंग, 7वां तल,<br>जनपद, नई दिल्ली-110001 | सदस्य |
| 6. | श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव,<br>उप प्रबंध कार्यकर्ता,<br>सहारा इण्डिया परिवार,<br>सहारा इण्डिया भवन,<br>कपूरथला काम्पलेक्स, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | डा0 गोपाल रंजन,<br>पूर्व कुलपति रूड़की विश्वविद्यालय, रूड़की,<br>5-ए/46, सिविल लाइंस,<br>पी0डब्लू0डी0 रोड, सेंट जान स्कूल के पास<br>रूड़की-247667 | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एस0सी0 सक्सेना,<br>पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, रूड़की,<br>एवं कुलपति (ए),<br>जेपी इंस्टी0 आफ इनफारमेशन टेक्नो0,<br>(ए-डीम्ड यूनिवर्सिटी), ए-10, सेक्टर-62,<br>नोयडा-201307 (यू0पी0) | सदस्य |

9\. श्री एस0के0 गर्ग, सदस्य
अध्यक्ष, एल्डिको ग्रुप आफ कम्पनीज,
विभूतिखंड, अपो0 मंडी परिषद,
गोमतीनगर, लखनऊ-226010

10\. डा0 मनोज गुप्ता, सदस्य
निदेशक,
बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,
झांसी ।

11\. डा0 डी0बी0 शाक्यवर, सदस्य
निदेशक,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान
कानपुर ।

12\. प्रो0 ए0एस0 विद्यार्थी, विशेष आमंत्री
निदेशक, आई0ई0टी0, लखनऊ ।

13\. प्रो0 जगवीर सिंह, विशेष आमंत्री
प्राचार्य,
फैकल्टी आफ आर्कीटेक्चर,
यू0पी0टी0यू0, लखनऊ ।

14\. प्रो0 अभय कुमार वर्मा, विशेष आमंत्री
निदेशक,
डा0 भीमराव अम्बेडकर
इंजी. कालेज, बिजनौर ।

15\. प्रो0 धीरेन्द्र कुमार सिंह, विशेष आमंत्री
निदेशक,
मान्यवर कांशीराम इंजी0 कालेज,
आजमगढ़ ।

16\. प्रो0 बी0एन0 मिश्रा, विशेष आमंत्री
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

17\. सुश्री एस0पी0 वर्मा विशेष आमंत्री
वित्त अधिकारी
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

18\. श्री के0के0 चौधरी, सचिव
कुलसचिव,
उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ ।

**मद सं0-26.01** **उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की दिनांक 05 अगस्त, 2014 को सम्पन्न 25वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण तथा कार्यपरिषद की दिनांक 30.5.2015 को सम्पन्न हुई 26वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों हेतु कार्यवृत्त अवलोकनार्थ ।**

उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की कार्यपरिषद की 5.8.2014 को सम्पन्न हुई 25वीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**मद सं0 26.02** **उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की कार्य परिषद की दिनांक 05 अगस्त, 2014 को सम्पन्न हुई 25वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की दिनांक 5.8.2014 को सम्पन्न 25वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही के विवरण का परिषद द्वारा अवलोकन किया गया और तदानुसार तदस्थिति से संज्ञान में लेते हुए परिषद द्वारा कार्यवाही पर सहमति प्रदान की गयी तथा समस्त लंबित कार्यवाही को शीघ्रातिशीघ्र समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने की अपेक्षा की गयी ।

**मद सं0-26.03** **उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या परिषद की दिनांक 14.8.2014 को सम्पन्न हुई 41वीं बैठक, दिनांक 3.1.2015 को सम्पन्न 42वीं बैठक, 43वीं बैठक दिनांक 9.4.2015 एवं दिनांक 19.5.2015 को सम्पन्न 44वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करना ।**

उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्या परिषद की दिनांक 14.8.2014 को सम्पन्न हुई 41वी बैठक, दिनांक 3.1.2015 को सम्पन्न 42वीं बैठक, 43वी बैठक दिनांक 9.4.2015 एवं दिनांक 19.5.2015 को सम्पन्न 44वीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया और कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया तथा इंस्टी0 आफ डिजायन की स्थापना पर अनुमोदन प्रदान करते हुये इस हेतु अग्रिम कार्यवाही के लिये निम्नवत सबकमेटी का गठन किया गया। साथ ही कतिपय सदस्यों के लखनऊ आने में असमर्थता व्यक्त किये जाने के दृष्टिगत समिति को ई-मेल के माध्यम से वांछित कार्यवाही करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:-

1. डा0 ओंकार सिंह, कुलपति, उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ
2. श्रीमती मोनिका.एस. गर्ग, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ
3. डा0 गोपाल रंजन, पूर्व कुलपति रूड़की विश्वविद्यालय, रूड़की,
4. डा0 पी0बी0 उलागडी, सलाहकार, अभातशिप, नई दिल्ली
5. प्रो0 एस0के0 गर्ग, अध्यक्ष, एल्डिको ग्रुप आफ कम्पनीज,विभूतिखंड, अपो0 मंडी परिषद, गोमतीनगर, लखनऊ-226010

**मद सं0-26.04** **उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की वित्त समिति की 38वीं बैठक जो 14.8.2014 को सम्पन्न हुई, 39वीं बैठक दिनांक 15.4.2015, 40वीं बैठक दिनांक 19.5.2015 तथा 41वीं बैठक दिनांक 3.6.2015 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करना।**

उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की वित्त समिति की 38वी बैठक जो 14.8.2014 को सम्पन्न हुई, 39वी बैठक दिनांक 15.4.2015, 40वी बैठक दिनांक 19.5.2015 तथा 41वी बैठक दिनांक 3.6.2015 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया गया और साथ ही यह सुझाव दिये गये कि विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मियों के मानदेय में की गयी वृद्धि में शासन के सुसंगत शासनादेशों के आलोक में ही कार्यवाही की जाये। किसी भी दशा में वित्तीय उपाशय वाले प्रकरणों में राज्य सरकार के प्रभावी वित्तीय प्राविधानों का उल्लंघन न हो, इसको संज्ञान में रखा जायें तथा पी0एफ0, कर्मचारी भविष्य निधि आदि कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में नियमानुसार कार्यवाही शीघ्र ही कराया जाना सुनिश्चित की जाये। वित्त समिति की 38वीं बैठक के मद सं0 14.48.4 (ए) में विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों/राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अतिथि सत्कार हेतु मासिक पी0आई0 में अनुमोदित की गयी पी0आई0 में से क्रम सं0 1 से 5 कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी व परीक्षा नियत्रंक तक सहमति प्रदान करते हुए क्रम सं0 6 से 8 अपर परीक्षा नियत्रंक, वित्त एवं लेखाधिकारी एवं उपकुलसचिव तक स्वीकृति पी0आई0 के अधिकारियों को पी0आई0 न दिये जाने के निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि चूंकि गत वित्त समिति की कार्यसूची समय से उपलब्ध नही करायी गयी थी, जिस कारण प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, शासन का प्रतिनिधित्व नही हो सका। अतः बैठक की निर्धारित तिथि से 5 दिन पूर्व कार्यसूची सदस्यों को अवश्य उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ।

**मद सं0-26.05** **एम.आई.टी. मीडिया लैब के साथ एम.ओ.यू. कर इन्नोवेशन व इंक्यूवेशन सेन्टर स्थापित किये जाने पर विचार।**

एम.आई.टी. मीडिया लैब के साथ एम.ओ.यू. कर इन्नोवेशन व इंक्यूवेशन सेन्टर स्थापित किये जाने के संबंध में विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 19.5.2015 को सम्पन्न 44वीं बैठक के मद सं0 44.4 तथा वित्त समिति की दिनांक 3.6.15 को सम्पन्न 41 वीं बैठक के मद सं0 15.41.06 में लिये गये निर्णय से परिषद अवगत हुई तथा विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि वित्त समिति समस्त निर्णय Quote करें ।

1. अनुबंध एम0आई0टी0 (न कि एम0आई0टी0 मीडिया लैब) और यू0पी0टी0यू0 के बीच में होना चाहियें ।
2. एम0आई0टी0 के साथ मेल एक्सचेंज की जाए ।
3. एम0आई0टी0 से प्रति छमाई रिपोर्ट देने का प्रस्ताव है। इसके स्थान पर तिमाही रिपोर्ट भेजने का प्राविधान किया जायें ।
4. किसी भी मामले में विवाद होने पर भारतीय परिप्रेक्ष्य में इण्डियन लॉ लागू माना जाये।

5. ''यूज आफ नेम'' क्लाज पर आपत्ति दर्ज की जाये और एम0आई0टी0 के संग इस अनुबंध के प्रचार व प्रसार के लिये यू0पी0टी0यू0 के लिये पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए ।

6. अनुबंध में एम0आई0टी0 के एस0आई0जी0 ग्रुप से कोलैबोरेट करने वाले सदस्यो का नाम, दूरभाष नम्बर तथा उनकी शैक्षिक योग्यता का रिज्यूमे भी दिया जायें। जैसे कि यू0पी0टी0यू0 की संबंधित संस्थाओं के सदस्यों के लिये आवश्यक किया गया है।

7. इस कार्य हेतु इस वित्तीय वर्ष में कुल रु0 18.00 करोड़ का अतिरिक्त बजट प्राविधान मद संख्या 25 मा0 मुख्यमंत्री का विकास एजेण्डा-1 एम0आई0टी0 मीडिया लैब की एस0आई0जी0 तथा कनसार्सियम की सदस्यता तथा इंक्यूवेशन सेंटर की स्थापना के अन्तर्गत निम्न शर्त के साथ अनुमोदित किया गया:-

''इस प्रस्ताव पर कार्य परिषद की सहमति प्राप्त करके ड्राफ्ट एम0ओ0यू0 स्वीकृति हेतु शासन के प्रशासनिक विभाग को संदर्भित किया जाये। सदस्यता शुल्क के भुगतान के संबंध में, जिसे विदेशी मुद्रा में भगतान किया जाना है। शासन के वित्त विभाग की सहमति ली जायें''।

साथ ही इन बिंदुओं पर वांछित कार्यवाही होने के उपरांत एम0आई0टी0 के साथ एम0ओ0यू0 का प्रस्ताव पुनः कार्यपरिषद में रखा जायें । इन्नोवेशन व इंक्यूवेशन सेंटर की स्थापना हेतु चारो संस्थानों को वित्त समिति से अनुमोदित धनराशि नियमानुसार निर्गत कर दी जाये तथा एम0आई0टी0 के साथ यदि एम0ओ0यू0 नही हो पाता तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त आक्सफोर्ड, हावर्ड व अन्य विश्वविद्यालय से एम0ओ0यू0 किये जाने के संबंध में कार्यवाही की जायें तथा यह भी सुझाव दिया गया कि इन्नोवेशन सेंटरों के संबंध में प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रत्येक कार्यपरिषद की बैठक में रखा जायें ।

मद सं0-26.06 **उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्था इंस्टी0 आफ इंजी0 एण्ड टेक्नोलाजी, लखनऊ के निदेशक पद पर नियुक्ति के संबंध में ।**

डा0 अम्बरीश एस. विद्यार्थी को इंस्टी0 आफ इंजी0 एण्ड टेक्नो0, लखनऊ के निदेशक पद के नियुक्ति हेतु शासन के पत्र सं0 3250/सोलह-1-2014-4(4)/2013 टीसी0, दिनांक 19.11.2014 के द्वारा निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिये नियुक्त संविदा के आधार पर की गयी, से परिषद अवगत हुई ।

मद सं0-26.07 **डा0 आर. के. खाण्डल, तत्कालीन कुलपति के त्यागपत्र स्वीकार किये जाने तथा प्रो0 ओंकार सिंह द्वारा उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ का कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किये जाने के संबंध में।**

डा0 आर. के. खाण्डल, तत्कालीन कुलपति के त्यागपत्र स्वीकार किये जाने तथा प्रो0 ओंकार सिंह द्वारा उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ का कार्यवाहक कुलपति के रूप में दिनांक 30.4.2015 से कार्यभार ग्रहण किये जाने की कार्यवाही से परिषद अवगत हुई ।

मद सं0–26.08 **उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के द्वारा राजकीय इंजी0 कालेज मैनपुरी, कन्नौज एवं सोनभद्र में सहयुक्त महाविद्यालय के अंतर्गत संचालित किये जाने के संबंध में।**

उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के द्वारा राजकीय इंजी0 कालेज मैनपुरी, कन्नौज एवं सोनभद्र को शासन के पत्र सं0 1371/सोलह–1–2015–14(53)/2014, दिनांक 24.4.2015 द्वारा जनपद मैनपुरी में सिविल इंजी0 की 60 सीट तथा कन्नौज में इलेक्ट्रिकल इंजी0 में 60 सीट तथा पत्र सं0 1372/सोलह–1–2015–14(53)/2014, दिनांक 24.4.2015 द्वारा शैक्षिक सत्र 2015–16 में जनपद सोनभद्र में कम्प्यूटर साइंस, 60 सीट के साथ उक्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालय के रूप में संचालन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0–26.09 **बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी के निदेशक पद पर नियमित चयन के संबंध में।**

शासन के पत्र सं0 1014/सोलह–1–2015–343/90टीसी-III, दिनांक 27.3.2015 द्वारा बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी के निदेशक पद पर नियमित चयन हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की दिनांक 8.11.12 में प्राविधानित व्यवस्था के आलोक में चयन समिति में गठन शासकीय निकाय द्वारा तीन विशेषज्ञ सदस्य नामित करने हेतु मा0 कुलपति द्वारा परिषद के समक्ष चयन समिति हेतु एक्सपर्ट पैनल के नामों को सूची को प्रस्तुत किया गया। जिसपर परिषद द्वारा कतिपय नाम जोडते हुए कुल 12 नामों का विचारोपरांत अनुमोदन प्रदान किया गया । साथ ही आगामी एक वर्ष तक अन्य संस्थाओ में भी इसी पैनल में से नामों को निदेशक/प्राचार्य की चयन समिति में अभातशिप, नई दिल्ली की व्यवस्थानुसार उपयोग किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया ।

मद सं0–26.10 **डा0 ए0एस0 विद्यार्थी, निदेशक, आई0ई0टी0, लखनऊ के वेतन संरक्षण के संबंध में ।**

शासन के पत्र सं0 769/सोलह–1–2015–4(5)/2015, दिनांक 21.3.2015 द्वारा डा0 ए0एस0 विद्यार्थी, निदेशक, आई0ई0टी0, लखनऊ के वेतन संरक्षण के प्रकरण को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में रखे जाने की अपेक्षा की गयी थी, जिसपर परिषद द्वारा विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि डा0 विद्यार्थी को वेतन संरक्षण की संस्तुति के साथ पूरा प्रकरण पुनः शासन को विचारार्थ संदर्भित किया जायें तथा शासन के निर्णयानुसार डा0 विद्यार्थी के वेतन संरक्षण की कार्यवाही की जाये ।

मद सं0-26.11 **उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के मुख्यालय आदि भवनों के निर्माण के संबंध में प्रगति आख्या**

उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के मुख्यालय आदि भवनों के निर्माण की प्रगति आख्या तथा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 40वी बैठक में लिये गये निर्णयों से परिषद अवगत हुई तथा विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के मुख्यालय आदि भवनों के निर्माण पूर्ण कराये जाने हेतु अब तक अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ''वांछित कार्य'' तथा ''कराया गया कार्य'' देखते हुए धन की उपयोगिता का पुनः परीक्षण करा लिया जाये। साथ ही निर्माण को उपयोग हेतु उपयुक्त बनाने की दृष्टि से कार्यदायी संस्था (उ0प्र0रा0नि0नि0) द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को पुनः पी0डब्लू0डी0 से आंकलन करते हुए प्राप्त वास्तविक प्रस्ताव को आगामी वित्त समिति की बैठक में विचारार्थ व निर्णयार्थ रखते हुए आगामी कार्यवाही की जायें ।

मद सं0-26.12 **शासन के पत्र सं0 958/सोलह-1-2015-01(01)/2015, दिनांक 31.3.2015 द्वारा श्री ए0के0 सिंह, उपकुलसचिव, डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में उपकुलसचिव पद पर प्रतिनियुक्ति पर तैनाती के संबंध में ।**

शासन के पत्र सं0 958/सोलह-1-2015-01(01)/2015, दिनांक 31.3.2015 द्वारा श्री ए0के0 सिंह, उपकुलसचिव, डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में उपकुलसचिव पद पर प्रतिनियुक्ति पर तैनाती के संबंध में निम्नवत कारण उचित नही है।

1. डा0 ए0के0 सिंह शासनादेश दिनांक 5.8.08 में निर्धारित शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव धारित नही करते है।
2. डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक 24.12.14 को डा0 ए0क0 सिंह को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी है।
3. डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्र दिनांक 20.3.15 द्वारा डा0 ए0के0 सिंह के विरूद्ध संगीन आरापों का जिक्र करते हुए आख्या मांगी गयी है। जबतक डा0 सिंह के विरूद्ध जांच लम्बित है तब तक उन्हें विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाना उचित नही है।

उक्त से अवगत होते हुए डा0 ए0के0 सिंह के प्रकरण में तत्समय प्रतिनियुक्ति की प्रकिया नही अपनायी गयी है तथा उक्त पद के लिये अर्ह न पाये जाने के कारण डा0 ए0के0 सिंह को उपकुलसचिव के पद पर तैनात किया जाना संभव नही है। परिषद प्रकरण से अवगत होते हुए विचारोपरांत डा0 ए0के0 सिंह को विश्वविद्यालय में उपकुलसचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति पर तैनात न किये जाने का निर्णय लिया गया ।

**मद सं0 26.13** **उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्थाओं (स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान) के अंतर्गत संचालित संस्थाओं के सृजित निदेशक के पदों पर नियुक्ति तथा शिक्षक/शिक्षेत्तर पदों पर नियुक्ति के संबंध में।**

स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अंतर्गत संचालित संस्थाओं हेतु निदेशक के सृजित पदों की नियुक्ति के संबंध में शासन के पत्र सं0 3749/सोलह-1-2014-14(46)/2014 दिनांक 17 दिसम्बर, 2014 के द्वारा संस्थाओं की सोसाईटी रूल्स में प्राविधानित व्यवस्था के तहत संस्थाओं में प्रथम निदेशक की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जानी है। शासन के कार्यालय आदेश सं0 111/सोलह-1-2015-14(44)/2014, दिनांक 13.1.2015 एवं आदेश सं0 112/सोलह -1-2015-14(44)/2014, दिनांक 13.1.2015 द्वारा डा0 भीमराव अम्बेडकर इंजी0 कालेज आफ इनफारमेशन टेक्नो0, बाँदा एवं बिजनौर में क्रमशः प्रो0 दिवाकर सिंह यादव तथा प्रो0 अभय कुमार वर्मा तथा आदेश सं0 109/सोलह-1-2015-14(44)/2014, दिनांक 13.1.2015 एवं आदेश सं0 110/सोलह-1-2015-14(44)/2014, दिनांक 13.1.2015 द्वारा मान्यवर कांशीराम इंजी0 कालेज आफ इनफारमेशन टेक्नो0, आजमगढ व अम्बेडकर नगर में क्रमशः प्रो0 धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं प्रो0 के0एस0 वर्मा को संविदा के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिये निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। सूचित है कि उक्त चारों संस्थानों में शासन के पत्र 1222/सोलह-1-2010-14(41)/2009, दिनांक 01.09.2010 एवं पत्र सं0 1360/सोलह-1-2013-14(41)/2009, दिनांक 10.5.2013 द्वारा शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर हेतु सृजित पदों पर संस्था स्तर से नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशित करते हुए चयन प्रक्रिया पूर्ण की जानी है।

उक्त से परिषद द्वारा अवगत होते हुए विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर हेतु सृजित पदो को संस्था स्तर से नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशित करते हुए चयन प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण की जाये जिससे कि संस्थान में पठन-पाठन सुचारू ढंग से संचालित हो सकें ।

**मद सं0-26.14** **उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के दिनांक 12 जनवरी, 2015 को आयोजित दीक्षान्त समारोह के संबंध में सूचना ।**

उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के दिनांक 12 जनवरी, 2015 को आयोजित दीक्षान्त समारोह के सुचारू सम्पादन से परिषद अवगत हुई।

**मद सं0–26.15 उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध एवं नवीन संस्थाओं से आनलाइन प्राप्त किये गये आवेदन पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत शैक्षिक सत्र 2015–16 में प्राविधिक विश्वविद्यालय की सम्बद्धता समिति की संस्तुतियों पर उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन पर की गयी कृत कार्यवाही पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बंध में।**

उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिक्षेत्र के अन्तर्गत संस्थाओं के अनुमोदन, स्थापित संस्थाओं के विस्तारण, क्षमता वृद्धि एवं कमी करने आदि से संबंधित कार्यवाही से परिषद द्वारा अवगत होते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सम्बद्धता की कार्यवाही रेगुलेशन में दी गयी व्यवस्था एवं समय सारिणी के अनुसार निर्धारित फीस, अंतिम तिथि आदि का समावेश कर आनलाइन (ट्रांसपेरेंट) रूप से पूर्ण की जायें। परिषद द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि उक्त समस्त कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र समस्त प्रभावी तिथियों सहित वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाये।

**मद सं0–26.16 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

26.16.01 राज्य भवन के पत्र संख्या पी0एस0–56/पी0जी0एस0 दिनांक 27.05.2015 के द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थायें, फैकल्टी आफ आर्किटेक्चर हेतु विषय विशेषज्ञों तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सदस्यों की पैनल के अनुमोदन हेतु प्रस्तावः-

राज्य भवन के पत्र संख्या पी0एस0–56/पी0जी0एस0 दिनांक 27.05.2015 द्वारा विश्वविद्यालय के घटक संस्थायें, फैकल्टी आफ आर्किटेक्चर हेतु विषय विशेषज्ञों तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सदस्यों की सूची मा0 कुलपति द्वारा परिषद के समक्ष प्रस्तुत की गयी तथा परिषद द्वारा यथावत अनुमोदन प्रदान किया गया ।

26.16.02 इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी लखनऊ में आडिटोरियम की साज सज्जा हेतु रू 638 लाख की अतिरिक्त सहायता के संबंध में गठित समिति की रिर्पोट सहित संबंधित प्रकरण को विश्वविद्यालय की आगामी वित्त समिति की बैठक में विचारार्थ रखे जाने का निर्णय लिया गया ।

26.16.03 विश्वविद्यालय के रेगुलेशन्स 2010 में बिन्दु 4.03 में दी गयी व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में 12 सदस्यों की समिति निर्धारित है, उनमें से कार्यपरिषद की बैठक में 9 सदस्यों की उपस्थिति होने पर ही बैठक का कोरम पूरा होता है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि मा0 कार्यपरिषद के 9 सदस्य की उपस्थिति न होने के कारण कोरम पूरा न होने के कारण बैठक सम्पन्न नही हो रही है। परिषद द्वारा विगत की बैठकों में कोरम पूर्ण न होने की तथ्य से अवगत होते हुये सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया कि 12 सदस्यों में से कोरम के तौर पर 9 सदस्यों के स्थान पर 7 सदस्यों का कोरम निर्धारित किया गया तथा सुझाव दिया गया कि उक्त निर्णय पर विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जायें ।

26.16.04 मा0 कुलपति महोदय के पत्र सं0 6958, दिनांक 10.6.2015 के अर्न्तगत द्वारा निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर को संदर्भित पत्र द्वारा विश्वविद्यालय की नोयडा कैम्पस में आई0आई0टी0 के अनुभवी एवं अच्छी गुणवत्ता के शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय के सम्बद्ध समस्त संस्थानों के शिक्षकों को Quality Improvement हेतु रेगुलर ट्रेनिंग देने हेतु प्रोग्राम आयोजित किये जाने के संबंध में किये गये अनुरोध से परिषद अवगत हुई। परिषद के समक्ष बैठक में उपस्थित परिषद के माननीय सदस्य प्रो0 इन्द्रनील मान्ना, निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा टेक्निकल टीचर्स की ट्रेनिंग कराये जाने में रूचि दिखाते हुये शीघ्र ही विस्तृत प्रस्ताव प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। परिषद द्वारा प्रस्ताव का स्वागत करते हुये शिक्षकों की गुणवत्ता में सतत रूप से सुधार की आवश्यकता के दृष्टिगत विचारोपरांत उक्त पर सैद्वांतिक सहमति प्रदान करते हुए पूर्ण प्रस्ताव आगामी कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्तुत किये जाने पर निर्णय लिया गया ।

26.16.05 विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों तथा परीक्षा संबंधी शिकायतों आदि के संबंध में परिषद द्वारा पूर्ण रूप से संज्ञान में लिया गया तथा सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रणालियों में यथावश्यक कठोर कदम उठाते हुए वांछित सुधार की कार्यवाही करने हेतु कुलपति को अधिकृत किया गया।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई ।

(के0के0 चौधरी)
कुलसचिव

अनुमोदित

26/6/15

(प्रो0 ओंकार सिंह)
कुलपति